# मोनेट ने अस्पताल को दिए 10 एसी

रायगढ़। जिला चिकित्सालय के शिशु वार्ड का पूर्व में ही जीर्णोद्धार कराने वाली कंपनी मोनेट इस्पात एवं इनर्जी लिमिटेड ने अस्पताल प्रबंधन को एक नई सौगात दी है। मोनेट फाउंडेशन द्वारा शिशु वार्ड को सर्व सुविधायुक्त बनाने की दिशा में पहल करते हुए सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन मद से 10 एसी प्रदान किया गया। इन्हें शिशु वार्ड में लगाये जाने के बाद ना सिर्फ यहां दाखिल बच्चों को काफी हद तक गर्मी से राहत मिल सकेगी, बल्कि नौनिहालों के इलाज में सहुलियत भी होगी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मोनेट प्रबंधन लगातार बेहतर योजनाओं का संचालन करने के साथ साथ जनहितकारी कार्यों को अंजाम देता रहा है। इन योजनाओं में अंगीकृत 18 गांवों में होने वाली साप्ताहिक स्वस्थ्य जांच, मासिक हैल्थ कैंप, मेगा हैल्थ कैंप, एंबुलेंस सुविधा का संचालन मोनेट इस्पात एंड एनर्जी लिमिटेड की सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन की शाखा मोनेट फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्रामीण अंचल में सुविधाओं के विस्तार के साथ ही रायगढ़ मुख्यालय में भी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अपने कदम आगे बढ़ाया गया है।

मोनेट फाउंडेशन ने स्वास्थ्य क्षेत्र में अधोसरंचना मद से जहां सेठ किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय के अत्यंत संवेदनशील माने जाने वाले शिशु वार्ड का पिछले वर्षों में जीर्णोद्धार कराया।



एसी ले जाते कर्मचारी।

वहीं इस वार्ड में इलाज के लिए दाखिल बच्चों को गर्मी से राहत देने के लिए यहां एसी लगाने का निर्णय लिया। गर्मी के दिनों में पर्याप्त संसाधनों के अभाव में जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में इलाज के लिए भर्ती होने वाले बच्चों एवं उनकी देख रेख के लिए मौजूद पालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। मोनेट द्वारा प्रदत्त इन एसीसे ना केवल शिशु वार्ड का दायरा बढ़ेगा बल्कि यहां इलाज के लिए पहुंचने वालों को काफी राहत मिल सकेगा। जिला चिकित्सालय में मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी हबेल उरांव की विशेष उपस्थिति में मोनेट फाउंडेशन ने अस्पताल प्रबंधन को 10 नग एसी भेंट किया।

इस अवसर पर सीएमएचओ श्री उरांव ने कहा कि मोनेट द्वारा सामाजिक सरोकार से जुड़ी स्वास्थ्यगत सेवाएं जो अंचल को प्रदान की जा रही है वह काबिले तारीफ है। इसी तरह से विविध योजनाओं का संचालन कर मोनेट फाउंडेशन अंचल में स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र एक अलग मुकाम स्थापित कर रहा है। एसी भेंट किए जाने के दौरान मोनेट के सीएसआर प्रबंधक शरदिंदु शेखर, सिविल सर्जन डा. वायके शिंदे, डा. टीके टोंडर सहित चिकित्सालय के अन्य डॉक्टर एवं कर्मचारी मौजूद थे।